हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 11 नवंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 हादसे में दो युवकों की मौत महिला गंभीर रूप से घायल



09 जगमग दीपों के बीच हुआ माता लक्ष्मी का पूजन, जिलेभर में हर्षोल्लास से...



खबर संक्षेप



एकता समिति ने दीपावली मिलन समारोह मनाया

सागर। एकता समिति के तत्वावधान में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी रो. सुधीर जैन ने की। समिति के संस्थापक अब्दुल रशीद भाई एवं रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष सुभाषचंद्र सराफ विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वधर्म चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विश्व में प्रेम, एकता, भाईचारे और सद्भाव की कामना के साथ हुई। अब्दुल रशीद भाई ने कहा कि जीवन को दीपों की तरह रोशन बनाने के लिए हमें अच्छे और समाजहित के कार्य करने चाहिए। समारोह में सदस्यों ने अभिनय, हास्य-व्यंग्य, चुटकुलों और फिल्मी पात्रों की प्रस्तुतियों से सभी को खूब हंसाया। महिला एकता समिति ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। राजेंद्र सोनी ने 'जिंदगी हंसने-गाने के लिए है' गीत प्रस्तुत किया।इस अवसर पर कमलचंद जैन, शरद गुप्ता, प्रदीप समैया, चंपकभाई जैन, निलेश समैया, राजकुमार पड़ेले, राजेंद्र मलैया, अजीत जैन सहित समिति के सदस्य एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। संचालन चंपकभाई और प्रदीप समैया ने किया तथा आभार सुधीर जैन एवं चंद्रप्रभा जैन ने व्यक्त किया।

मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में बैठक 12 नवंबर को

सागर। भारत निर्वाचन आयोग के फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2027 कार्यक्रम के अनुसार 12 नबम्वर को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन निर्धारित किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय सागर के सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

12 दिसंबर को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

सागर। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री एम.के. शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार 12 दिसंबर को जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत मामले, बैंक एवं मनी रिकवरी संबंधी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम एवं रोजगार विवाद, विद्युत एवं जलकर/बिल संबंधी शमनीय प्रकरण, वैवाहिक विवाद तथा दीवानी मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) प्रकरणों में ई-ट्रैफिक चालान, मनी रिकवरी, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर/बिल संबंधी शमनीय मामले, दूरसंचार के बकाया लैंडलाइन एवं मोबाइल बिल तथा अन्य पात्र प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। नियमानुसार विद्युत प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में छूट भी प्रदान की जाएगी।

छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन आमंत्रित

सागर। राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतु जिले में निवासरत पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं पूर्व सैनिक विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक कक्षा 1 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तक के लिए अपना आवेदन 23 नवम्बर तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर में ऑनलाइन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

अनुकंपा नियुक्ति और वेतन निर्धारण के लंबित प्रकरणों का शीघ्र करें निराकरण

मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए प्रभावी प्रयास करें, एनआरसी पूरी क्षमता से संचालित हों: कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रभावी प्रयास करे। गर्भवती महिलाओं की शत-प्रतिशत एएनसी जांच और नवजात शिशुओं की एचबीएनसी सुनिश्चित की जाए। संभाग के सभी पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) पूरी क्षमता के साथ संचालित हों और कुपोषित बच्चों को अनिवार्य रूप से भर्ती कराया जाए। अनुकंपा नियुक्ति एवं वेतन निर्धारण के लंबित प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण किया जाए। यह निर्देश कमिश्नर सागर संभाग दिलीप कुमार ने मंगलवार को आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, कोष एवं लेखा सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं और कार्यों की जिलेवार समीक्षा की गई।



बीएमसी में व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश

कमिश्नर ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (बीएमसी) सागर में जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, सीवेज और खुली नालियों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दवा वितरण काउंटर से मरीजों को समय पर दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। बीएमसी में स्वीकृत यूजी-पीजी सीटों, स्वास्थ्य उपकरणों और कैंसर मरीजों के उपचार की जानकारी लेते हुए परिसर में चल रहे निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरे करने को कहा। क्रिटिकल केयर यूनिट के तहत निर्माणाधीन ऑपरेशन थियेटर का कार्य शीघ्र पूरा करने, रक्तदान के लिए जागरूकता अभियान और शिविर आयोजित करने के साथ परिसर की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए।

हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी करें

कमिश्नर ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए विशेष प्रयास करने पर जोर दिया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को शत-प्रतिशत प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) के लिए जागरूक करने और नवजात शिशुओं की शत-प्रतिशत गृह आधारित देखभाल (एचबीएनसी) सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एनीमिया की रोकथाम, जांच और हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि ट्रांजिट डेथ रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर अमल किया जाए।

लापरवाह कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

पोषण पुनर्वास केंद्रों की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने स्पष्ट कहा कि संभाग का कोई भी एनआरसी खाली नहीं रहना चाहिए। सभी केंद्रों का संचालन पूरी क्षमता से किया जाए और चिन्हित कुपोषित बच्चों को भर्ती कराकर उनका समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाए। भर्ती योग्य बच्चों की जानकारी प्रस्तुत करने तथा कार्य में लापरवाही बरतने वाले एनआरसी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने पोषण किट वितरण की भी समीक्षा की। इसके अलावा टीबी मरीजों को पूरा उपचार दिलाने के लिए प्रोत्साहित करने और स्क्रीनिंग शिविर लगाने को कहा।

अधूरे आंगनबाड़ी भवन जल्द पूरे करने के निर्देश

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने निर्माणाधीन और अधूरे आंगनबाड़ी भवनों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पोषण आहार, टीएचआर वितरण, गंभीर कुपोषित (एसएएम) एवं मध्यम गंभीर कुपोषित (एमएएम) बच्चों की स्थिति, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम की जिलेवार प्रगति की समीक्षा की।

सामाजिक न्याय विभाग की समीक्षा में कमिश्नर ने संभाग के सभी शासकीय एवं अशासकीय वृद्धाश्रम, अनाथाश्रम और नशामुक्ति केंद्रों की जिलेवार सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपंजीकृत केंद्रों का पंजीयन कराने और नशामुक्ति अभियान के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने को कहा।

सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतें शून्य करें

बैठक में पेंशन शिविरों में निराकृत प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण लंबित न रहें। वेतन निर्धारण से संबंधित मामलों का भी प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए लंबित शिकायतों की संख्या शून्य करने के निर्देश दिए।

10 साल से फरार 15 हजार का इनामी हत्या का मुख्य आरोपी दमोह से गिरफ्तार



सागर। वर्ष 2017 में हत्या के मामले में करीब 10 साल से फरार चल रहे 15 हजार रुपए के इनामी मुख्य आरोपी को सागर पुलिस ने दमोह जिले से गिरफ्तार किया है। गढ़ाकोटा और रहली पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 11 अप्रैल 2017 को ग्राम चंद्रपुरा निवासी जीवन सिंह लोधी पर राजकिरण लोधी और उसके तीन साथियों ने बल्लम, कतरना और लाठियों से हमला किया था। गंभीर चोटों के कारण जीवन सिंह की मौत हो गई थी। मामले में गढ़ाकोटा थाने में हत्या सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस ने दो आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया था, जबकि मुख्य आरोपी राजकिरण लोधी फरार था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस उपमहानिरीक्षक सागर रेंज ने 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।पुलिस अधीक्षक संजीव सिंहा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया और नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन में गठित टीम ने सूचना संकलन के आधार पर 8 नवंबर 2026 को दमोह से आरोपी राजकिरण लोधी (42) निवासी ग्राम चंद्रपुरा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।



गौरझामर केसली मार्ग पर बोलेरो पलटने से घायल युवक की मौत, 3 घायल

देवरीकलाँ। गौरझामर थाना अंतर्गत गौरझामर-केसली मार्ग पर स्थित ग्राम कुकवारा के समीप बोलेरो कार पलटने उसमें सवार गंभीर घायलों में शामिल एक व्युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि घटना में घायल अन्य 3 व्यक्तियों का उपचार कराया जा रहा है। उक्त सभी देवरी टड़ा जा रहे थे इसी दौरान गाड़ी में तकनीकी खराबी आने के कारण गाड़ी पलट गई और वह दुर्घटना का शिकार बन गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक पुष्पेन्द्र पिता भगवत पटैल 28 वर्ष देवरी थाना के पटैल वार्ड का निवासी है जो एयरटेल कंपनी के अधिकारी गोविंद सेन, भरत साहू एवं अपने साथी बसंत पटैल के साथ सफेद बोलेरो में सवार होकर टड़ा जा रहा था। इसी उसी दौरान सुबह करीब 9 बजे गौरझामर केसली मार्ग पर ग्राम रामखेरी के समीप वाहन के अगले पहिये की टाई रॉड टूटने के कारण वह अनियंत्रित होकर पलट गया और सड़क से लगभग 15 फीट जा नीचे गिरा जिससे उसमें सवार 4 व्यक्ति घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए केसली सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कराया गया था। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते पुष्पेन्द्र पटैल को बीएमसी सागर रिफर किया गया था। परंतु उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मामले में गोपालगंज थाना पुलिस द्वारा मृतक के भाई संतोष पिता भगवत पटैल की सूचना पर मर्ग कायम किया गया है।



शहर कांग्रेस कार्यालय में हुआ दीपावली पूजन

सागर। दीपावली के पावन अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कार्यालय में दीपावली पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव की दूसरी बार मुख्य यजमानी में विधि-विधान से मां लक्ष्मी का पूजन, आरती एवं प्रसादी वितरण संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि दीपावली अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का पर्व है। जिस प्रकार एक दीपक अंधेरे को दूर करता है, उसी प्रकार हमें भी समाज में फैली नफरत और अन्याय को दूर कर प्रेम, सद्भाव और विकास का प्रकाश फैलाना है। डॉक्टर किरण लता सोनी ने कहा कांग्रेस की परंपरा रही है सबको साथ लेकर चलना, हर वर्ग, हर धर्म, हर समाज का सम्मान करना। इस अवसर पर सभी ने सागर शहर के विकास, जनता की सेवा और संगठन की मजबूती के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

सर्वतोभद्र जिनालय के प्रथम तल पर पहली बार चढ़ाए निर्वाण लाडू, मुनिसंघ के चातुर्मास का हुआ निष्ठापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भगवान वर्धमान महावीर स्वामी के मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर भाग्योदय तीर्थ में निर्माणाधीन सर्वतोभद्र जिनालय के प्रथम तल पर पहली बार निर्वाण लाडू अर्पित किए गए। निर्यापक मुनि श्री अभय सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से कार्यक्रम में सहभागिता की। भगवान के अभिषेक, शांतिधारा और पूजन के बाद विधि-विधान से निर्वाण लाडू चढ़ाए गए। लाडू अर्पित करने का सौभाग्य अनिल नैनधरा, महेश बिलहरा, प्रकाश जैन पारस और जज शुभम मोदी सहित श्रद्धालुओं ने बोलियां लेकर प्राप्त किया। लाडू बनाओ प्रतियोगिता में 38 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें रुचि जैन प्रथम, राजुल जैन द्वितीय, दीक्षा वैशाली जैन तृतीय, मीना चौधरी चतुर्थ और ज्योति नैनधरापंचम रहीं। अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर निर्यापक मुनि श्री अभय सागर महाराज ससंघ के चातुर्मास का निष्ठापन भी हुआ। भाग्योदय तीर्थ के ट्रस्टियों ने मुनिसंघ को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष संतोष बिलहरा, मुकेश जैन ढाना, मुकेश पारस, टोनी केसली सहित ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों ने चातुर्मास के दौरान हुई त्रुटियों के लिए क्षमा याचना की।



प्रवचन में निर्यापक श्रमण मुनि श्री अभय सागर महाराज ने कहा कि मोक्ष प्राप्ति के लिए सम्यक श्रद्धा और ज्ञान आवश्यक हैं। जिस प्रकार दीपक बाहरी अंधकार दूर करता है।

खुरई विस क्षेत्र में एक सड़क और दो पुल निर्माण कार्यों के लिए 47.1 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति मिली

सागर। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के प्रस्ताव पर मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग मंत्रालय ने 47.1 करोड़ की लागत से खुरई विधानसभा के एक सड़क मार्ग निर्माण कार्य तथा दो पुलों के निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। प्रमुख अभियंता पी डब्ल्यू डी भोपाल को भेजे गए पत्र में जानकारी दी गई है कि स्वीकृत किए गए उक्त तीन सड़क निर्माण कार्यों में 3378.13 लाख की लागत से 16 किमी लंबाई का खिमलासा- रजवांस मार्ग का छूटा भाग, बेसरा -दुगाहाकलां तलापार मार्ग के किमी 21/2 में नरेन नदी पर 100 मीटर लंबाई के पुल निर्माण हेतु 883.33 लाख तथा बुधौन कुमरोल बंसिया गौड़ मार्ग के किमी 13/6 में सूखा नदी पर 60 मीटर लंबाई के जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य के लिए448.60 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी है।

लोकनिर्माण विभाग की प्रयोगशाला बना देवरी का पुराना वासपास रोड

ये कैसा पेचवर्क ? मरम्मत के 8 दिन बाद ही हथेली पर आई पक्की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देवरी नगरवासियों के लिए आवागमन का मुख्य जरिया लोक निर्माण विभाग की टाउन पोर्सन एवं पुराना वायपास सड़क इन दिनों विभागीय इंजीनियरों की प्रयोगशाला बन चुकी है। विभाग द्वारा विगत एक सप्ताह पूर्व इस मार्ग पर कराया गया पेचवर्क कई स्थानों पर सड़क की सतह से गायब हो चुका है। महज कुछ दिनों में गिटटी का ढेर बन चुकी इस सड़क को लोग अपनी अंजुली में भरकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे है।

दरअसल देवरी नगर का नगभग 4 किलोमीटर लंबा टाउन पोर्सन एवं पुराना वायपास मार्ग पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग 26 का हिस्सा था, विगत वर्षो में इसका अधिकांश भाग लोक निर्माण विभाग के अधीन है। जिसकी मरम्मत एवं देखरेख का दायित्व अब लोनिवि के स्थानीय अधिकारियों के भरोसे है। विभाग द्वारा लगभग 30 माह पूर्व इस ध्वस्त हो चुके इस मार्ग का रिनुअल वर्क ठेका ऐजेंसी से लगभग 1 करोड़ लागत से कराया गया था परंतु उक्त सड़क अपनी गारंटी अवधि के दौरान कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई और सड़क पर कई स्थानों पर बड़े बड़े गढ्ढे होने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। उक्त संबंध में कई जागरूक नागरिकों द्वारा विभाग के लोक पथ ऐप पर भी शिकायते दर्ज कराई गई थी, जनप्रतिनिधियों द्वारा भी शासन प्रशासन को स्थिति से अवगत कराया गया था। परंतु विभागीय अधिकारियों की अनदेखी एवं वर्षाकाल के चलते उक्त सड़क पर मरम्मत कार्य नही हो सका और इस दौरान ठेका ऐजेंसी की गारंटी अविधि समाप्त हो गई।

मरम्मत के 5 दिन बाद उखड़ी सड़क

लंबे समय से जर्जर हो चुकी इस सड़क पर आवागमन में परेशानी महसूस कर रहे वाहन चालकों एवं स्कूली विद्यार्थियों की शिकायतों के बाद विभाग द्वारा विगत पखवाड़े में सड़क के चिन्हित स्थानों पर पेचवर्क कार्य कराया गया था। 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक 15 दिवसों तक चले इस मरम्मत कार्य में झिन्ना पुलिया से हाईस्कूल के मध्य एवं फोलाईन छीर से सेमराखेरी के बीच सड़क के क्षतिग्रस्त स्थलों पर सड़क की छिलाई कर डामरीकरण कराया गया था। जिसके बाद नागरिकों ने चौन की सांस ली थी परंतु यह राहत चंद दिनों में ही कपूर बनकर उड़ गई। विभाग द्वारा कराया गया उक्त मरम्मत कार्य महज 5 दिवसों तक ही टिक सका और जगह जगह नव निर्मित सड़क टूटने से गिट्टी और निर्माण सामग्री का ढेर लग गया। जिसके चलते अब वाहन चालक एवं स्कूली बच्चे परेशानी महसूस कर रहे है। विभाग के इस अजीबोगरीब कारनामें को लेकर अब नागरिक सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर अपनी मजेदार प्रतिक्रियाये व्यक्त कर रहे है। विभाग द्वारा ठेका ऐजेंसी से कराये गये इस मरम्मत कार्य में गुणवत्ताहीन सामग्री के प्रयोग सहित तय मानकों की अनदेखी उजागर होने के बाद अब नागरिक विभागीय जांच एवं कार्रवाई का इंतजार कर रहे है।



विभागीय टेन्डर प्रक्रिया के दौरान हुआ पेंचवर्क

प्राप्त जानकारी के अनुसार देवरी की इस पुंराना वायपास सड़क के निर्माण कार्य को लेकर वर्तमान में विभाग में टेन्डर प्रक्रिया चल रही है। विभाग के टेन्डर क्रमांक 2026/ लोनिवि/ आरबी क्र. 539698 के द्वारा विभाग ने 8 किलोमीटर सड़क के रिनुअल वर्क के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी। 2 करोड़ 94 लाख लागत के इस कार्य में 4 किलोमीटर लंबाई के देवरी वायपास के लिए 1 करोड़ 47 लाख रूपये एवं 4 किलोमीटर लंबाई वाले गौरझामर मुख्यमार्ग के लिए 1 करोड़ 47 लाख रूपये का बजट रखा गया है।

उक्त निर्माण कार्य को लेकर चिल रही टेंडर प्रक्रिया के दौरान ही विभागीय अधिकारियों द्वारा आनन फानन में एसडीएमएस मद से उक्त मरम्मत कार्य करा दिया जो महज 5 दिवस ही टिक सका और अधोगति को प्राप्त हो रहा है। जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े किये जा रहे है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक इसी मार्ग के लिए विभाग द्वारा लगभग 16 करोड़ लागत की 2 लाईन सड़क की डीपीआर तैयार की गई है जिसकी टेन्डर प्रक्रिया विभाग द्वारा अप्रैल 2027 तक पूर्ण किये जाने की उम्मीद की जा रही है। विभाग की प्रयोगशाला बन चुकी इस सड़क पर विभाग द्वारा किये जा रहे नित नये परीक्षणों से जानकार विस्मत बने हुए है। विभाग में चल रही कारगुजारियों की यह एक झलक मात्र है, क्षेत्र में विभाग की कई मुख्य सड़के आधी अधूरी पड़ी है जिसके चलते ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

साथ ही विभाग द्वारा नव निर्मित कुछ मार्गो से स्टीमेट में दर्शाये गये साइन बोर्ड गायब है। ऐसे में विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है।

देवरी नगर की झिन्ना पुलिया से लेकर सिविल लाइन तक लगभग 1.5 किलोमीटर लंबाई वाली नगर की मुख्य सड़क भी जगह जगह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, नगरपालिका देवरी के अंतर्गत आने वाली इस सड़क पर सहजपुर तिराहे पर सड़क टूटकर धसने से निर्मित गढ्ढे के चलते वाहन चालकों को दुर्घटना की आशंका बनी हुई है, इसी प्रकार सिविल लाईन के समीप सोनी पेट्रोल पंप के सामने सड़क के क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहन चालक आये दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे है। परंतु पूरे मामले को लेकर नगरपालिका प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। खानापूर्ति के लिए निकाय द्वारा डाली गई गिट्टी एवं डस्ट बाइक चालकों के लिए दुर्घटनाओं का कारण बन चुकी है।

सड़क नही भृष्टाचार का कीर्तिमान बना रहे है

लोक निर्माण द्वारा कराये गये इस चर्चित मरम्मत कार्य को लेकर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष गौरव पाड़े ने सोशल मीडिया फेसबुक पर एक वीडियो शेयर कर इसे भृष्टाचार की सड़क बताया है, हाथ में उखड़ी हुई सड़क का मेटेरियल लेकर शेयर किये गये इस वीडियों के संबंध में उनका कहना है कि लोक निर्माण विभाग सड़क नही भृष्टाचार का कीर्तिमान बना रहा है, शासन के लाखों रूपये फूंककर ऐसे घटिया निर्माण कर विभाग के अधिकारी राजनैतिक संरक्षण में भृष्टाचार का नया अध्ययाय लिख रहे है, इस बेलगाम व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नही है।

इनका कहना है

सड़क के मरम्मत कार्य को लेकर विभाग के अनुविभागीय अधिकारी उमाशंकर तिवारी का कहना है कि उक्त सड़क का मरम्मत कार्य एसएमडीएस मद से कराया गया है, यह शाट टर्म मरम्मत कार्य है जिसमें डामलीकरण शामिल नही था परंतु हमारे द्वारा ठेका ऐजेंसी कराया गया है। सड़क के एक सप्ताह में टूटने के संबंध में उन्होने अनभिज्ञता जाहिर करते हुए पहले फोटो एवं वीडियों का अवलोकन किया बाद में उक्त स्थानों पर विभाग द्वारा मरम्मत कार्य कराये जाने से इंकार कर दिया गया। उनका कहना था जहा भी सड़क टूट गई है वहाँ हमारे द्वारा मरम्मत कार्य नही कराया गया है। मरम्मत कार्य की लागत से अनभिज्ञ एसडीओ महोदय ने बताया कि पेंचवर्क करने वाली ठेका ऐजेंसी को अभी कोई भुगतान नही किया गया है।

खबर संक्षेप

मामूली विवाद में सगे भाई ने भाई को पीटा, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम कोटरा में मामूली विवाद को लेकर सगे भाइयों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि एक भाई ने दूसरे भाई के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कोटरा निवासी नरेन्द्र यादव ने बताया कि 8 नवंबर की रात करीब 10 बजे वह अपने घर पर मौजूद था। इसी दौरान उसका सगा भाई पुष्पेन्द्र यादव उसके पास आया और अकारण गाली-गलौज करने लगा। जब नरेन्द्र ने इसका विरोध करते हुए गाली देने से मना किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। ग्राम कोटरा निवासी नरेन्द्र यादव पुत्र आशाराम यादव की तहरीर पर थाना जखौरा पुलिस ने आरोपी पुष्पेन्द्र यादव पुत्र आशाराम यादव के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

ललितपुर। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित कर मारपीट करने और घर से निकालने का मामला सामने आया है। क्षेत्रपाल मंदिर के पीछे सिविल लाइन वार्ड नंबर-17 निवासी राजकुमारी पत्नी अनुराग कुशवाहा ने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों पर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। उसका विवाह 25 फरवरी 2026 को जनपद जालौन के कोंच निवासी रामबिहारी के पुत्र अनुराग कुशवाहा के साथ हुआ था। शादी में उसके पिता ने करीब पांच लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि ससुराल पहुंचने के बाद से ही सास, ससुर, जेठ और जेठानी कम दहेज लाने का ताना देकर उसे प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने आरोप लगाया कि हरियाणा के सोनीपत (गोहाना) में रहने के दौरान ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके जेवर जबरन उतरवा लिए और मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। महिला का यह भी आरोप है कि उसके पति के अवैध संबंध हैं। इसका विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और मोबाइल फोन भी छीन लिया गया। पीड़िता के मुताबिक, महिला थाने में समझौते के दौरान पति ने उसे साथ रखने से इनकार कर दिया। वहीं, थाने के बाहर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस से मामले में कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है। साथ ही किसी भी अनहोनी की स्थिति में ससुराल पक्ष को जिम्मेदार ठहराया है।

पूराकला बस स्टैंड के पास युवकों को रोककर बेल्ट और लाठी-डंडों से पीटा

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र में पुराकला बस स्टैंड के पास मजदूरी कर घर लौट रहे युवकों को रास्ते में रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो युवकों ने बाइक आगे लगाकर रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों, बेल्ट तथा लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आया एक अन्य व्यक्ति भी हमले का शिकार हो गया। घटना में एक युवक का मोबाइल फोन भी गायब हो गया। तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बम्हौरीसर निवासी अमित पुत्र राजबली 24 अक्टूबर को शाम करीब 6.30 बजे साहू एंटरप्राइजेज से मजदूरी का काम समाप्त कर अपने साथी मिथुन पुत्र बलराम के साथ मोटर साइकिल से घर लौट रहा था। जैसे ही दोनों पुराकला बस स्टैंड के पास पहुंचे, तभी पल्सर मोटर साइकिल से आए अजय यादव और कन्हैया यादव ने उनकी बाइक के आगे अपनी बाइक लगा दी और रास्ता रोक लिया। आरोप है कि इसके बाद दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। अमित द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान मिथुन पर लाठी से प्रहार किया गया। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे अजय कुशवाहा के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। हमले के दौरान अमित का मोबाइल फोन, जिसमें दो सिम कार्ड लगे थे, गायब हो गया। आरोप है कि जाते समय हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए।

तेज रफ्तार यात्री बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर

हादसे में दो युवकों की मौत महिला गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के मक्सूदनगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत भोपाल रोड पर एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। यहां खेरखेड़ा मोड़ के पास एक अनियंत्रित यात्री बस ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई।



क्षेत्र में शोक की लहर

जानकारी के अनुसार, मक्सूदनगढ़ के भोपाल रोड स्थित खेरखेड़ा मोड़ पर सोमवार को तेज रफ्तार यात्री बस के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार लोग सडक़ पर दूर जा गिरे। दुर्घटना में जान गंवाने वाले दोनों युवकों की पहचान गुना जिले के अंतर्गत आने वाले करेगढ़ निवासी संदीप भील और आनंदपुर निवासी मिथुन भील के रूप में हुई है। दोनों युवकों की इस तरह अचानक हुई मौत से उनके परिवारों में कोहराम मच गया है और दीपावली के बाद इस दुखद खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

अस्पताल में मची अफ़रा-तफ़री

इस भीषण सडक़ हादसे में एक महिला भी गंभीर रूप से घायल हुई है। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल महिला को आनन-फानन में मक्सूदनगढ़ के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने तुरंत उसका प्राथमिक उपचार शुरू किया। हालांकि, महिला की गंभीर और नाजुक हालत को देखते हुए स्थानीय चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर और उच्च उपचार के लिए अन्य बड़े अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने दुर्घटनाकारी यात्री बस को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू करते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच विवेचना में ले ली है।

चोर चुरा ले गए प्लेटिना बाइक

गुना। जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़ा आमल्या के पास से चोर बाइक चुराकर ले गए। तलाश करने के बाद भी जब वाहन का कोई सुराग नहीं लगा, तो पीड़ित ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, ग्राम टोडरा निवासी अर्जुन पुत्र कमरलाल धाकड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत दिवस को उनका बेटा मोटरसाइकिल लेकर ग्राम बड़ा आमल्या के पास अपने रिश्तेदार बृजेश धाकड़ के यहां गया था। दोपहर करीब 12 बजे आशु बाइक को बाहर खड़ी कर रिश्तेदारी में अंदर गया था।

शराब पीने से मना करने पर पिता से उलझा बेटा, तैश में आकर खाया सल्फास

गुना। जिले के बमोरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सिरसी के ग्राम नगदा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शराबखोरी की लत से परेशान पिता द्वारा दी गई हिदायत एक युवक को इतनी नागवार गुजरी कि उसने गुस्से में आकर जहरीला पदार्थ (सल्फास) खा लिया। गंभीर हालत में जब परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम नगदा निवासी श्रीलाल जाटव पुत्र दौजा जाटव सोमवार शाम 4 बजे शराब के नशे में धुत होकर अपने घर पहुंचा था। बेटे की बिगड़ती आदत और नशे की हालत को देखकर पिता ने शराब न पीने की बात कही। इसी बात को लेकर पिता-पुत्र में बहस शुरू हो गई। कहासुनी के दौरान गुस्साए श्रीलाल ने आवेश में आकर घर में रखी सल्फास की गोली निगल ली। कुछ ही मिनटों में उसकी हालत बिगडऩे लगी और वह उल्टी करने लगा। बेटे की तड़प देखकर परिजन आनन-फानन में उसे वाहन से इलाज के लिए गुना अस्पताल की ओर लेकर भागे। हालांकि, नियति को कुछ और ही मंजूर था; उमरी के पास पहुंचते-पहुंचते युवक ने रास्ते में ही अंतिम सांस ली। युवक की मौत के बाद बदहवास परिजन अस्पताल जाने के बजाय शव को वापस गांव ले आए। परिजनों ने घटना के संबंध में न तो पुलिस में कोई शिकायती आवेदन दिया और न ही शव का पोस्टमार्टम कराया।

नाले के पास चल रहा था जुए का फड़

जुआ खेलते आठ आरोपी गिरफ्तार, 9040 रुपये नकद और ताश के पत्ते बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली पुलिस ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आठ लोगों को हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 9,040 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि भारत विस्फोटक निर्माण फैक्ट्री के पीछे नाले के पास कुछ लोग रुपये-पैसों की हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर चौकी प्रभारी अमरपुर मंडी उपनिरीक्षक देवराज मौर्य पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर जुआ खेल रहे आठ लोगों को पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान पुलिस ने जुए की फड़ से 8,150 रुपये तथा आरोपियों की जामातलाशी से 890 रुपये बरामद किए। इसके अलावा मौके से 52 ताश के पत्ते भी बरामद हुए। इस प्रकार कुल 9,040 रुपये की नकदी बरामद की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में ग्राम महरौनीखुर्द निवासी दीपक पुत्र मक्खन लाल, रंजीत पुत्र प्रीतम, दीपक पुत्र प्रकाश, अतेन्द्र पुत्र सुरेश, लोकेश पुत्र सुरेश, मुलायम पुत्र हुकुम सिंह, जितेन्द्र पुत्र गनू और मनोज पुत्र प्रीतम शामिल हैं। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 1171/2026, धारा 13 जी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया है। कार्रवाई करने वाली टीम में चौकी प्रभारी अमरपुर मंडी उपनिरीक्षक देवराज मौर्य एवं उनकी पुलिस टीम शामिल रही।

जिले भर में धूमधाम से हुई गोवर्धन पूजा श्रद्धालुओं ने अर्पित किए छप्पन भोग

गोवर्धन पर्वत व भगवान श्रीकृष्ण की हुई पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दीपावली के बाद जिले भर में मंगलवार को गोवर्धन पूजा का पर्व भक्ति और उत्साह के माहौल में मनाया गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के प्रतीक स्वरूप गोवर्धन पर्वत की पूजा कर अन्नकूट का भोग लगाया। मंदिरों और घरों में पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

वहीं श्रीकृष्णा बलराम दूध डेयरी परिवार द्वारा भगवान गोवर्धन पर्वत एवं भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की गई। महिलाओं ने पारंपरिक रीति से गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत का निर्माण कर भगवान कृष्ण, बलराम और गोवर्धन महाराज की पूजा-अर्चना की। गांवों में लोगों ने गोवर्धन की परिक्रमा करते हुए सुख-समृद्धि और वर्षा की कामना की। शहर के प्रमुख मंदिरों में भजन-कीर्तन के साथ विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक पर्व में भाग लिया। गोवर्धन पूजा के साथ ही अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें विविध प्रकार के व्यंजन बनाकर भगवान को अर्पित किए गए। श्रद्धालुओं ने इसे सामूहिक एकता और भक्ति का पर्व बताया। इस दौरान लक्ष्मी नारायण, मातेभूरा, दीवान, आसाराम ग्वाला, कप्तान सिंह, श्रीकृष्णा बलराम डेरी संचालक संग्राम सिंह ग्वाला, संजय ग्वाला, मूलचंद, बनवारी ग्वाला, दशरथ ग्वाला, भागीरथ ग्वाला, प्रवीण ग्वाला, नारायण पहलवान, पूर्व पार्षद प्रेम नारायण ग्वाला, कन्हैया ग्वाला, लच्छू दादा, राम सिंह पहलवान, मुन्ना ग्वाला, परमानंद ग्वाला, विक्रम ग्वाला सहित अनेक मोहल्ले वासियों ने गोवर्धन पर्वत के परिक्रमा लगाकर पूजा अर्चना की।

ट्रस्ट ने सहारिया परिवारों को बांटे 100 कंबल और मिठाई के डिब्बे

जाखलौन में युवाओं ने मनाया शौर्य दीपोत्सव 1100 दीपों से जगमगाया रामराजा का मंदिर

शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



दीपावली के पावन पर्व पर कस्बे के युवाओं ने सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की अनूठी मिसाल पेश की। युवा सनातन समिति सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित शौर्य दीपोत्सव एवं कंबल वितरण कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं ने आदिवासी सहारिया परिवारों के बीच पहुंचकर उनके साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं।


इस दौरान खुशीपुरा मोहल्ले में जरूरतमंद परिवारों को करीब एक सैकड़ा कंबल और 300 से अधिक मिठाई के डिब्बों का वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान समिति अध्यक्ष सूर्यकांत तिवारी ने बस्ती के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन द्वारा आदिवासी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोडऩे के उद्देश्य से निशुल्क कोचिंग संचालित की जा रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों की कोचिंग में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने बताया कि समिति भविष्य में नारी सम्मान, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति जैसे सामाजिक सरोकारों को लेकर भी अभियान चलाएगी।1100 दीपों से सैनिकों के सम्मान में जगमगाया रामराजा मंदिरकार्यक्रम के दूसरे चरण में सायंकाल शौर्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीद सैनिकों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

वक्ताओं ने कहा कि आज हम सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मना रहे हैं, तो इसके पीछे देश के सैनिकों और सुरक्षा बलों का त्याग, समर्पण और अदम्य साहस है। हमें उनके योगदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। सैनिकों के सम्मान और राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए कस्बे के निवासियों एवं युवाओं ने रामराजा मंदिर में 1100 से अधिक दीप प्रज्वलित किए। इस दौरान समिति अध्यक्ष सूर्यकांत तिवारी, पूर्व प्रधान आलापुर कुं.महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला (पप्पू राजा), सुरेश प्रकाश कौंतै, नीलेश नायक, राहुल प्रजापति, अजय, यज्ञदेव तिवारी, रंजीत प्रजापति, प्रिंस प्रजापति, प्रहलाद तिवारी, पुष्पेंद्र यादव, आयुष साहू, रूपांस साहू, विवेक प्रजापति, छोटू यादव, चंद्रभान ठाकुर, पिंकू सैनी, नीलेश चंदेल, विकास तिवारी, रामेश्वर रजक, संजय रजक, सचिन साहू, पंकज साहू, अम्बर यादव, दीपेश यादव, गौरव यादव, प्रिंस यादव, साकेत रजक, वीरेंद्र कुशवाहा, सक्षम, देवांस विश्वकर्मा, अनुज सेन, अंशुल रजक, विकास रजक एवं शकुन जिज्जी सहित समिति के अन्य सदस्य और कस्बे के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

युवा संगठन और ग्रामवासियों ने फूल-मालाओं से किया सम्मानित

युवा पटेल वाहिनी के जिलाध्यक्ष राजेश पटेल का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



युवा पटेल वाहिनी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश पटेल का अपनी जन्मभूमि ग्राम कुम्हैड़ी में प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर अंजनी माता मंदिर प्रांगण में युवा संगठन कुम्हेड़ी की टीम एवं ग्रामवासियों ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत कर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष के आगमन को लेकर गांव में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।

इस दौरान युवाओं एवं ग्रामवासियों ने राजेश का गर्मजोशी से अभिनंदन करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उपस्थित लोगों ने सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा भी जताई। राजेश ने कहा कि अपनी जन्मभूमि पर इस तरह का स्नेह और सम्मान मिलना उनके लिए गर्व के साथ-साथ भावुकता का विषय है। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। यदि युवा संगठित होकर सकारात्मक दिशा में कार्य करें तो समाज में शिक्षा, एकता, जागरूकता और सामाजिक उत्थान को नई दिशा दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि युवा पटेल वाहिनी के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोडऩे तथा समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही युवाओं से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट रहने और सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। इस दौरान बलराम निरंजन (कक्कू), अभिषेक विश्वकर्मा, रविशंकर रजक, कृपाल गौतम पत्रकार, वकील खान, दीपक कुमार पटवा, जितेन्द्र पटेल देवरान, जीवन निरंजन, अनिल पाल, अनुराग खटीक, ऋषि खटीक, सौरभ शर्मा, रवि चौरसिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं युवा मौजूद रहे। समापन आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता, युवा एकजुटता और संगठन को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

1,490 रुपये और ताश के पत्ते बरामद

सिलगन में पेड़ के नीचे जुआ खेल रहे दो युवक गिरफ्तार

थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना कोतवाली पुलिस ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम सिलगन में एक खेत के पास पेड़ के नीचे जुआ खेल रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और मौके से कुल 1,490 रुपये नकद तथा 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। पुलिस की कार्रवाई के दौरान कुछ अन्य जुआरी मौके से फरार हो गए। 9 नवंबर 2026 की शाम करीब 6.10 बजे उपनिरीक्षक मानवेन्द्र सिंह परमार कांस्टेबल सर्वेश कुमार और अमन कुमार के साथ क्षेत्र में गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सिलगन फाटक के पास मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सिलगन में एक खेत के पास पेड़ के नीचे कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपये की हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर जुआ खेल रहे लोगों में भगदड़ मच गई। टीम ने मौके से दो युवकों को पकड़ लिया, जबकि अन्य आरोपी भागने में सफल रहे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ग्राम सिलगन निवासी राजवीर पुत्र पप्पू राजपूत तथा नरेश कुमार पुत्र महेश बुनकर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान राजवीर के पास से 110 रुपये और नरेश के पास से 120 रुपये बरामद हुए। इसके अलावा जुआ खेलने के स्थान से मालफड़ के 1,250 रुपये और 52 ताश के पत्ते बरामद किए गए। इस प्रकार कुल 1,490 रुपये नकद पुलिस ने कब्जे में लिए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया है।

पैसों के लेन-देन को लेकर दो सगे भाइयों में खूनी संघर्ष

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम हुसैनपुर में पैसों के लेन-देन को लेकर दो सगे भाइयों के बीच जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि छोटे भाई ने बड़े भाई के साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी, जिससे वह बाड़ की कांटेदार तार में उलझकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पिता की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हुसैनपुर निवासी राम सिंह रजक (50) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत रात करीब 8 बजे उनका छोटा बेटा गोविन्द, बड़े बेटे धर्मेन्द्र से पैसों के लेन-देन को लेकर गाली-गलौज करने लगा। जब धर्मेन्द्र ने उसे गाली देने से मना किया, तो गोविन्द उसके साथ मारपीट करने लगा। हाथापाई के दौरान धर्मेन्द्र पास ही स्थित खेत की कांटेदार तार की बाड़ में जा उलझा, जिससे उसके बाएं कान, चेहरे और सिर के पीछे गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। बीच-बचाव करने आए मानसिंह और देवेंद्र रजक ने मामला शांत कराया। इसके बाद जब पिता अपने घायल बेटे को लेकर थाने आ रहे थे, तब आरोपी गोविन्द ने रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी दी।

जनसुनवाई में छाया त्योहार का खुमार

मोबाइल में व्यस्त दिखे कुर्सियों पर बैठे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिला कलेक्ट्रेट में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में इस बार दीपोत्सव के त्योहारों की खुमारी स्पष्ट रूप से हावी दिखाई दी। त्योहारों के खुशनुमा माहौल के बीच जहां कलेक्ट्रेट पहुंचे फरियादियों की संख्या बेहद सिमटी रही और बमुश्किल दो दर्जन आवेदन ही आए, वहीं प्रशासनिक तंत्र में भी खासा ढीलापन देखने को मिला। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की गैरहाजिरी में संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया ने जनसुनवाई की कमान संभाली और कलेक्ट्रेट पहुंचे आमजन की समस्याओं व शिकायतों को सुना। जनसुनवाई की व्यवस्थाओं में सबसे शर्मनाक और चिंताजनक पहलू अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर रहा। एक ओर जहां कई महत्वपूर्ण विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी जनसुनवाई से पूरी तरह नदारद रहे, वहीं दूसरी ओर जो गिने-चुने अधिकारी टेबल पर मौजूद भी थे, वे जनता का दुखड़ा सुनने के बजाय पूरी मुस्तैदी से अपने मोबाइल फोन में व्यस्त नजर आए। जनसुनवाई हॉल में फरियादी अपनी समस्याओं का पुलिंदा हाथ में लेकर आस भरी निगाहों से अधिकारियों की ओर देखते रहे, लेकिन जिम्मेदार कुर्सियों पर बैठे अधिकांश अधिकारी स्क्रीन पर अंगुलियां फेरने और सोशल मीडिया खंगालने में ही मशगूल रहे। जनसुनवाई जैसे संवेदनशील मंच पर अधिकारियों की इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना हरकत और मोबाइल के प्रति यह दीवानगी चर्चा का विषय बनी रही। इस अव्यवस्था और अफसरों की ढिलाई के बीच संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया ने मोर्चा संभाला और कलेक्ट्रेट पहुंचे हर एक आवेदक की समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना।

सुख, समृद्धि और दीपों का पर्व दीपावली शहर सहित जिलेभर धूमधाम से मनाया

जगमग दीपों के बीच हुआ माता लक्ष्मी का पूजन, जिलेभर में हर्षोल्लास से मनी दीपावली

लक्ष्मी पूजन से अधिक उल्लास गोवर्धन पूजा पर देखने मिला ग्रामीण क्षेत्रों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर





सुख, समृद्धि और दीपों का पर्व दीपावली शहर सहित जिलेभर धूमधाम से मनाया गया। धन की देवी माँ लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए घरों, प्रतिष्ठानों में उनका विधिवत पूजन हुआ। सूरज ढलते ही चारों ओर आकर्षक झालर टिमटिमाने लगीं। सड़क और घरों के ऊपर जल रहे दीपक और मोमबत्ती की आकर्षक छटा देखकर धरती पर स्वर्ग की अनुभूति हो रही थी। बच्चे और युवाओं ने दीपावली पर जमकर आतिशबाजी चलाई। इन सबके बीच ऑनलाइन खरीदी चलन बढने से दुकानदार मायूस दिखे। खास बात यह है कि इस बार दीपोत्सव पांच दिन की जगह छह दिनों तक मनाया गया। यह स्थिति अमावस्या तिथि दो दिन आने की वजह से बनी। जिसके चलते जिलेभर दीपोत्सव का उल्लास 6 दिनों तक छाया और जमकर आतिशबाजी चलाई गई।

दीपोत्सव की खुशियों का उल्लास लोगों के चेहरे पर देखते ही बन रहा था। दिन भर वे उत्साह से पर्व मनाने के लिए आतिशबाजी, खील, खिलौने, मिष्ठान, पूजा के कैलेंडर आदि सामान की बाजारों से खरीददारी करते नजर आये। जिससे बाजारों में गहमागहमी बनी रही। पर्व को लेकर बच्चों में उत्साह के अतिरेक की कोई सीमा नहीं थी। वे गली मुहल्लों में दिनभर आतिशबाजी के धूम धड़ाके करते नजर आये। शाम होते ही बच्चे, बूढ़े और जवान ही नहीं महिलाएं भी सजधज कर आकर्षक परिधानों में तैयार हुई और विघ्न विनाशक भगवान श्रीगणेश और धन सम्पदा की देवी माता लक्ष्मी को मनाने में जुट गए। घरों एवं प्रतिष्ठानों से आरती उतारने की स्वर लहरियां सुनाई देने लगीं। सभी माता लक्ष्मी को अपने घर, प्रतिष्ठानों में बुलाने को आतुर दिखायी दिए। उनके द्वारा मिष्ठान का भोग लगाकर माता लक्ष्मी को मनाया गया। उसके बाद आतिशबाजी चलाकर खुशियां मनाने का दौर शुरू हो गया। लोगों ने देर रात तक जमकर आतिशबाजी का प्रदर्शन किया। युवाओं की पसंद तेज आवाज वाले धमाके रहे। महिलाएं और युवतियां रोशनी अनार चलाकर खुशी मनाते नजर आये। बच्चों ने फुलझड़ी चलाकर दीपावली के उत्साह का आनन्द लिया। देर रात तक धूम-धड़ाके की आवाज वातावरण को गुंजायमान करती रही। आधुनिक आतिशबाजी से सतरंगी नजारे दीपावली की खुशियों में चार चांद लगा रहे थे। पर्व मनाने के लिए लोगों ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों को भी आकर्षक ढंग से सजा रखा था। तरह तरह की रोशनियों से जगमगाते भवनों की भव्यता देखते ही बन रही थी।

गोवर्धन पूजा के साथ शुरू हुआ अन्नकूटों का सिलसिला, भाईदूज आज

दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा की गई और मंदिरों में भगवान को अन्नकूट का भोग लगाया गया, इसके साथही अन्नकूटों का सिलसिला शुरू हो गया है। ऐसे में अब कार्तिक पूर्णिमा तक अन्नकूटों के आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा। वहीं 11 नवंबर को भाईदौज का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन में बहन भाई के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना करेंगी। वहीं भाई भी बहन को उपहार देते हुए उनकी जीवन सुरक्षा का भरोसा देगे।

भाईदूज पर जेल में खुली मुलाकात आज

दीपावली की भाईदूज के अवसर पर जिला जेल श्योपुर में बंदियों को तिलक लगाने आने वाली बहनों के लिए खुली मुलाकात का समय निर्धारित कर दिया गया है। अधीक्षक जिला जेल श्योपुर प्रभात कुमार ने बताया कि जेल में बहनो द्वारा टीका करने के लिए खुली मुलाकात का आयोजन सुबह 8.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक किया जाएगा।

सुतली बम पर कटोरी रखकर चला रहे थे बच्चे, धमाके से 11 वर्षीय चेतन के पेट में घुसी कटोरी, आंत बाहर निकली

श्योपुर। दीपावली पर पटाखे चलाने के दौरान बच्चों की जरा सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। मंगलवार सुबह सोई गांव में पटाखे के साथ खतरनाक प्रयोग करने के दौरान 11 वर्षीय बालक चेतन गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे सुतली बम के ऊपर कटोरी या गिलास रखकर धमाका कर रहे थे। इसी दौरान विस्फोट इतना तेज हुआ कि कटोरी फटकर चेतन के पेट में जा लगी। हादसे में उसके पेट में गंभीर चोट आई और आंत बाहर निकल आई।



घटना देखकर पास खड़ा उसका दोस्त प्रियांशु भी घबरा गया और मौके पर ही बेहोश हो गया। हादसे के बाद परिजन गंभीर रूप से घायल चेतन को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां सर्जन डॉ. विकास ने बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए ऑपरेशन की तैयारी की और उसे ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। हालांकि, एनेस्थीसिया (बेहोशी) के डॉक्टर के नहीं पहुंचने के कारण परिजन बच्चे को वहां से बाहर ले गए। इसके बाद गंभीर हालत को देखते हुए चेतन को बेहतर उपचार के लिए कोटा रेफर कर दिया गया।

इस घटना ने एक बार फिर पटाखों के साथ बच्चों द्वारा किए जाने वाले खतरनाक प्रयोगों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सुतली बम पर कटोरी, गिलास या अन्य सामान रखकर धमाका देखना बच्चों के लिए बेहद जोखिम भरा है। विस्फोट के दबाव से ऐसी वस्तुएं तेज गति से टूटकर शरीर में घुस सकती हैं और गंभीर चोट पहुंचा सकती हैं।

भगवान सहस्त्रबाहु जयंती 16 को मनाई जाएगी



बीना। हैहय क्षत्रिय कलचुरी कलार समाज द्वारा भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती 16 नवंबर को हनुमानगढ़ी मंदिर इटावा में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समाज के सदस्य आलेख राय ने बताया कि कार्यक्रम के तहत सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी का पूजन एवं हवन किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक प्रसादी वितरण भंडारा होगा। वहीं शाम 5 बजे महिला मंडल द्वारा भव्य सहस्त्रदीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों एवं आयोजकों ने समस्त समाजबंधुओं, मातृशक्ति एवं युवाओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्री सहस्त्रबाहु जयंती समारोह को भव्य एवं सफल बनाने की अपील की है।

नहीं रहे पं. मोहनलाल शर्मा 98 वर्ष की आयु में निधन



श्योपुर। जिले के सोईकला कस्बे के वयोवृद्ध पंडित मोहनलाल शर्मा अब नही रहे, मंगलवार की तड़के करीब पांच बजे उनका निधन हो गया। वे 98 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से सोईकला सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। पं. मोहनलाल शर्मा अपने पीछे बेटों, पोते-पोतियों और पड़पोते-पड़पोतियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार सोईकला के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजनों के साथ बड़ी संख्या में रिश्तेदार, समाजजन एवं ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

12 नवंबर को 6 ग्रामों में लगेंगे ई-केवायसी शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में ग्रामवासियों के आधारकार्ड, समग्र आईडी एवं ई-केवायसी अपडेट करने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने सभी एसडीएम को निर्देश दिये है कि अपने-अपने अनुभाग क्षेत्र के ग्रामों में आयोजित हो रहे इन शिविरों के दौरान जाति प्रमाण पत्र बनाने एवं फार्मर रजिस्ट्री का कार्य भी किया जायें। सीईओ जिला पंचायत कार्तिकेय जायसवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार 12 नवंबर को विजयपुर विकासखण्ड के देहरी, देवरी एवं घुघस में, श्योपुर के आसीदा, बेहरावदा एवं बडौदाराम ग्राम में सुबह 11 बजे से 4 बजे तक शिविर आयोजित होंगे।


ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले उक्त शिविरों के लिए शिविर प्रभारी नियुक्त किये गये है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामवासियों के आधार कार्ड, समग्र आईडी, ई-केवायसी आदि अपडेट किये जायेंगे, जिससे योजनाओं में तकनीकी त्रुटियों के चलते लाभ नही मिलने की समस्या को दूर किया जायेगा, ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

शहर के दूषित वातावरण को शुद्ध करते नपा के सफाई कर्मचारी

जब शहर मना रहा था दीवाली तब सड़क को चमका रहे थे ये दीपक

उल्लासपूर्वक मनी दीवाली में कर्मयोद्दाओं के योगदान को नहीं किया जा सकता नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



दीपावली पर जहां सभी लोग नए कपड़े पहनकर पटाखे फोड़ते, मिठाई खाते-खिलाते रहे, वहीं नगरपालिका के सफाई कामगार इस त्योहार वाले दिन भी सुबह से ही सड़कों पर सफाई करते दिखे। यहीं नहीं दीपावली की खरीदारी के चलते जो अतिरिक्त कचरा रोज निकल रहा था उसको भी सड़कों से दूर बनाए रखने में इन कर्मयोद्दाओ की मेहनत को नजरअंदाज करना भूल होगी।

लोगों ने रात भर आतिशबाजी चलाकर जो कचरा फैलाया, उसे इन सफाई योद्धाओं ने अल सुबह ही साफ कर दिया। यह क्रम एक दिन नहीं बल्कि दीपावाली के पांच दिवसीय उत्सवी उल्लास के पूरे समय देखने को मिला। जब शहर सोकर भी नहीं उठता है तभी ये कर्मयोद्दा श्योपुर की सड़कों को चमकाकर वातावरण को प्रदूषण मुक्त कर देते हैं।

ना दीवाली की छुट्टी, ना परिवार के साथ त्योहार

दीपावली की सुबह जब हर घर में लक्ष्मी पूजन की तैयारी हो रही थी, तब नगरपालिका के सफाई कर्मचारी हाथ में झाड़ू लिए गांधी चौक, बड़ौदा रोड, पटेल चौक, पुल दरवाजा और सब्जी मंडी, टोढ़ी गणेश बाजार की सड़कों पर उतर आते हैं। भले ही हम साफ सफाई नहीं होने को लेकर नगर पालिका पर कितने ही आरोप लगाए और कितनी ही बार जनप्रतिनिधियों को कोसें लेकिन हकीकत यह है कि संसाधनों और मानव श्रम के कमी के चलते भी नगर पालिका के कर्मचारी वह सब काम रोजाना समय पर कर रहे हैं जिसकी जिम्मेदारी उन्हें सोपी गई है। बल्कि जब भी त्यौहार आता है तब हमसब ये अपना त्यौहार मनाते हैं लेकिन यह कर्मयोद्दा हमारा त्यौहार मनाने के लिए उस दिन दोगुने से तीन गुना तक अधिक काम करते हैं। एक सफाई कर्मचारी जगदीश बाल्मीकि बोला, कि ₹साहब, हमारी दीवाली तो इसी झाड़ू में है। अगर हम एक दिन भी छुट्टी कर लें, तो शहर में कचरे का ढेर लग जाए। लोग बीमार हो जाएं। हमारी दीवाली तब है, जब शहर साफ दिखे। इसी तरह महिला सफाईकर्मी शांति देवी ने कहा, ₹बच्चों को घर पर छोड़कर आना पड़ता है। वो भी बोलते हैं कि मम्मी त्यौहार पर तो घर रहा करो। पर क्या करें, ड्यूटी तो ड्यूटी है। शहर साफ होगा तभी सबकी दीवाली अच्छी मनेगी।

रात की आतिशबाजी, सुबह की सफाई

दीपावली की रात पटाखों के कागज, फुलझड़ी की डिब्बियां, प्लास्टिक और कचरा पूरी सड़क पर बिखरा पड़ा था। सुबह 5 बजे से ही सफाईकर्मियों ने उसे उठाना शुरू कर दिया। और 6:30 बजे से पहले श्योपुर की सारी प्रमुख सड़कें फिर से साफ-सुथरी नजर आने लगीं। लोगों ने जब सुबह उठकर साफ सड़क देखी, तो खुले बतावरण में सांस लेते हुए ईश्वर को इस बात के लिए धन्यवाद दिया कि आतिशबाजी के कारण जो प्रदूषण फैला था वो दूर हो गया लेकिन किसी ने भी इस काम में सहभागी बने सफाई कर्मचारियों को धन्यवाद नहीं दिया। यहां तक की समाज सेवी, अफसर, नेताओं ने दूर दराज गांवों में जाकर गरीबों को आतिशबाजी बांटने का खुदका प्रचार सोशल मीडिया पर तो खूब किया लेकिन इनमें से कोई भी इन गरीब सफाई कर्मचारियों को एक फुलझड़ी का पैकेट तक देता नहीं दिखा।

सफाई ही असली लक्ष्मी पूजा

हम सभी दीपावली पर घर को साफ करते हैं, लक्ष्मी जी के आने के लिए घर सजाते हैं। लेकिन ये सफाई कर्मचारी पूरे शहर को अपना घर मानकर उसे साफ करते हैं। असली दीपावली तो इन्हीं की वजह से मनती है। अगर ये न हों, तो ना बाजार साफ रहे, ना मंदिर के रास्ते, ना अस्पताल के बाहर की सड़क। दीपावली का त्योहार देखभाल की है चाहे होली का त्योहार हो या ईद मिलाद्उन्नबी का साफ सफाई की व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी इनके कंधों पर ही होती है यह सर्दी, गर्मी और बारिश की चिंता किए बगैर सिर्फ अपने काम को अंजाम देने की फिक्र में हमेशा फिक्रमंद दिखाई देते हैं।



अतिक्रमण ने बढ़ाई सफाई कर्मचारियों की परेशानी

सफाई कर्मचारी की परेशानी बाजार में बने नालों पर हो रहे अतिक्रमण के कारण और अधिक बड़ी हुई है। शहर में ऐसा कोई नाला नहीं है जिस पर अतिक्रमण न हो अतिक्रमण होने के कारण जेसीबी से नाले साफ नहीं हो पाते हैं जिसके कारण मशीनों का काम भी सफाई कर्मचारियों को खुद करना पड़ रहा है। यह समस्या टोड़ी गणेश बाजार में सबसे अधिक देखने को मिल रही है हालांकि 15 साल पहले मीरा रमेश गर्ग की परिषद ने तत्कालीन कलेक्टर जेबी पाटील के निर्देश पर अतिक्रमण हटाकर मकान के नीचे दबे पुराने नालों को बाहर निकाला था लेकिन अब उक्त नालों पर फिर दोबारा से अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे जेसीबी से नालों की सफाई नहीं हो रही है और नाले आए दिन ओवरफ्लो होकर पानी सड़क पर बहा रहे हैं ऐसा कोई दिन बाकी नहीं जाता जब नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को काम से निपटने के बावजूद दोबारा उक्त नालों को साफ करने आना ना पड़े। सफाई कर्मचारियों कहना है कि अगर नालों से अतिक्रमण है जाए तो उनके श्रम आधा ही रह जाए।

राजा महाराजाओं द्वारा श्योपुर शहर में जल विक्रेताओं के लिए फ्लोर लाइन का निर्माण किया गया था। यह विक्रय लाइन बाजार किला रोड पर्ल टिकिया वालों की दुकान के आगे सुबात चौराहे, गांधी पार्क, जय स्तंभ तक बनी थी। जमीन के करीब 6 फीट नीचे इस गोदाम लाइन में नालों का पानी बहकर जाता था जो नालों में प्रवाहित होता था। बायरा शहर में जल भराव की स्थिति को अल्ट्रासाउंड से हटा दिया गया था। जब तक श्योपुर नगर निगम परिषद में कृष्ण महावीर गुप्ता की काउंसिल रही तब तक यह एडवांस्ड डिविजनल लाइन को मंजूरी दे दी गई थी, लेकिन बाद में इस एडवांसमेंट लाइन को नजरअंदाज कर बंद कर दिया गया। फसल के दौरान गहना द्वारा डामरीकरण के लिए सप्ताहांत के मेंटीनेंस के लिए यूनिवर्सल को जमीदोज कर दिया गया जिसके साथ यह लाइव स्ट्रेंथ लाइन बंद हो गई। हालाँकि भूमिगत रूप से अभी भी सीवीर लाइन जमीन के अंदर चालू है, लेकिन सफाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण इसमें जाम लगा हुआ है। जहां बारिश का पानी तेज गति के साथ नालों में जाने के बजाय सड़कों से ओवरफ्लो कर के अंदर घुस रहा है।

त्योहारी उल्लास में सिर्फ 12 लोग पहुंचे जनसुनवाई में

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बीते कई सालों से हो रही जनसुनवाई में अपनी समस्या लेकर आने वाले लोगों की न्यूनतम संख्या का रिकॉर्ड मंगलवार को तब टूटा जब गोवर्धन पूजा वाले दिन आयोजित हुई सुनवाई में सिर्फ 12 लोग ही समस्या सुनने पहुंचे। हालांकि जो लोग समस्या सुनने पहुंचे उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया पर जिस तरह त्यौहार को देखते हुए लोगों ने जनसुनवाई से दूरी बनाई थी वैसी ही दूरी अफसर भी बना सकते थे लेकिन किसी को त्यौहार की वजह से अपनी समस्या के निराकरण नहीं होने से मायूसी ना होना पड़े, शायद इस सोच के साथ कलेक्टर शीला दाहिमा ने न सिर्फ जनसुनवाई को जारी रखने का निर्णय लिया बल्कि उन्होंने खुद जनसुनवाई में बैठकर लोगों की समस्या भी सुनी। हालांकि जैसी उम्मीद थी वैसा ही नजारा जनसुनवाई में देखने को मिला जिस जनसुनवाई में दो सेंकड़ा तक लोग अपनी फरियाद सुनाने पहुंच जाया करते थे उसमें सिर्फ 12 लोग ही अपनी पीड़ा बयां करने पहुंच सके।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीमांकन से संबंधित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जायें, सीमांकन का कोई भी प्रकरण लंबित न रहे, इस संबंध में तहसील स्तर पर तहसीलदारों द्वारा नियमित रूप से समीक्षा की जाये। उन्होंने बाबूलाल रजक निवासी ग्राम दांतरदा कलां के सीमांकन संबंधी आवेदन पर उक्त निर्देश प्रदान करते हुए नायब तहसीलदार मानपुर टीएस लकडा को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह की अवधि में सीमांकन किया जायें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में तहसीलदार तथा एसडीएम को अवगत कराते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बाबूलाल रजक ने जनसुनवाई के दौरान बताया कि ग्राम दांतरदा की सर्वे नंबर 964 में उसकी लगभग साढे चार बीघा भूमि है, जिसका सीमांकन कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिपं कार्तिकेय जायसवाल, डिप्टी कलेक्टर शिवलाल शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

महिला शिक्ष को क्रमोन्ति देने के निर्देश के साथ अफसरों को लगी फटकार

कलेक्टर ने उस समय अफसरों पर नाराजगी दिखाई जब शासकीय माध्यमिक विद्यालय वार्ड क्रमांक 8 श्योपुर में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक मीना परमार ने उन्हें बताया कि उनका रिटायरमेंट होने वाला है और उन्हें द्वितीय क्रमोन्नति का लाभ नहीं दिया गया है जबकि उनके साथ वालों को चौथे क्रमोन्ति का लाभ मिल चुका है। कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कर्मचारियों को शासन द्वारा दिए जाने वाले लाभ तय समय में मिले अगर इनको लाभ देने में देरी होगी तो संबंधित अधिकारी को जिम्मेदार माना जाएगा। उन्होंने संबंधित शिक्षक को नियमानुसार दूसरी क्रमोन्ति का लाभ एक सप्ताह के भीतर दिलाए जाने के निर्देश दिए।

पीड़ित परिवार ने एसपी से लगाई निष्पक्ष जांच और जेवरात बरामदगी की गुहार

सशस्त्र सीमा बल जवान के घर से लाखों के सोने-चांदी के जेवर और दस्तावेज चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी





जिले के करैरा थाना क्षेत्र के ग्राम झंडा में सशस्त्र सीमा बल में पदस्थ एक जवान के सूने घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर लिए। घटना 1 नवंबर 2026 की बताई जा रही है। मामले में थाना करैरा में प्रकरण दर्ज किया गया है। अब चोरी गए सामान की कीमत और एफआईआर में दर्ज विवरण को लेकर पीड़ित परिवार ने पुलिस की जांच पर सवाल उठाए हैं। इस संबंध में जवान रणजीत सिंह तोमर की पत्नी रीना तोमर ने 10 नवंबर को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी को आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष एवं गंभीरता से जांच कराने की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि रणजीत सिंह तोमर वर्तमान में सशस्त्र सीमा बल की दसवीं वाहिनी में श्रीनगर (कश्मीर) में पदस्थ हैं। उनके ग्राम झंडा स्थित मकान में अज्ञात चोरों ने रात के समय कमरे और अलमारी के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

15 तोला सोना और 500 ग्राम चांदी के जेवर चोरी होने का दावा

आवेदन के अनुसार चोरी गए सामान में करीब 15 तोला सोने के आभूषण शामिल हैं। इनमें सोने के बड़े और छोटे हार, छह अंगूठियां, हाथफूल, सोने की चेन, चार चूड़ियां, मंगलसूत्र, कानों के आभूषण सहित अन्य जेवर बताए गए हैं। इसके अलावा करीब 500 ग्राम से अधिक चांदी के आभूषणों में दो जोड़ी पायल, करधनी, बिछिया और बच्चों के हाथ के कड़े भी चोरी होने की जानकारी दी गई है।

रजिस्ट्री से लेकर बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र तक ले गए चोर

चोर घर में रखे कीमती जेवरात के साथ कई महत्वपूर्ण मूल दस्तावेज भी ले गए। इनमें प्लॉट की रजिस्ट्री, एनपीएस पेंशन कार्ड, बैंक पासबुक, बीमा संबंधी दस्तावेज, बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड सहित अन्य जरूरी कागजात शामिल हैं। पीड़ित परिवार के अनुसार इन दस्तावेजों के चोरी होने से उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ भविष्य में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

एफआईआर में 1.20 लाख की कीमत दर्ज होने पर उठाए सवाल

आवेदन में रीना तोमर ने आरोप लगाया है कि उनके परिवार की ओर से पुलिस को करीब 15 तोला सोना और 500 ग्राम चांदी के आभूषण चोरी होने की जानकारी दी गई थी, लेकिन एफआईआर में चोरी गए सामान की कुल कीमत महज 1 लाख 20 हजार रुपये दर्शाई गई है। वहीं, समाचार पत्रों में चोरी की घटना की कीमत करीब 25 लाख रुपये प्रकाशित होने का उल्लेख भी आवेदन में किया गया है। परिवार का कहना है कि चोरी गए सामान की वास्तविक मात्रा और कीमत का सही आकलन किया जाना चाहिए।

पुलिस अधीक्षक से छह बिंदुओं पर कार्रवाई की मांग

पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से थाना करैरा में दर्ज अपराध की निष्पक्ष जांच कराने, चोरी में शामिल अज्ञात आरोपियों की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तारी करने तथा सोने-चांदी के आभूषणों और महत्वपूर्ण दस्तावेजों की बरामदगी कराने की मांग की है। साथ ही घटनास्थल का निरीक्षण, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। आवेदन में यह भी बताया गया है कि 3 नवंबर को रणजीत सिंह तोमर और उनकी पत्नी के बयान दर्ज किए गए थे तथा चोरी गए सामान की फोटो प्रतियां भी पुलिस को उपलब्ध कराई गई थीं। इसके बावजूद अब तक चोरी गए सामान का पता नहीं चलने से परिवार चिंतित है। अब पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से थाना प्रभारी करैरा को निर्देश देकर मामले की गंभीरता से जांच कराने और चोरी गए सामान की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित कराने की मांग की है।

पीड़िता ने एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

भरण-पोषण की राशि नहीं देने पर पति का गिरफ्तारी वारंट जारी

अब पत्नी को जान से मारने की धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

पति द्वारा भरण-पोषण की राशि जमा नहीं किए जाने और न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद अब पत्नी ने पति पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पुरानी शिवपुरी निवासी मनोज सेन की पत्नी मीनाक्षी सेन ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर पति एवं ससुराल पक्ष के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा अपने और मायके पक्ष के परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

एसपी को दिए आवेदन में मीनाक्षी सेन ने बताया कि पति एवं ससुराल पक्ष द्वारा उसके साथ मारपीट करने और भरण-पोषण नहीं करने के मामले में उसने भोपाल स्थित द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया है। आवेदन के अनुसार इस मामले में पति मनोज सेन पुत्र जयराम सेन निवासी पुरानी शिवपुरी द्वारा निर्धारित भरण-पोषण की राशि जमा नहीं की जा रही है। इसके चलते न्यायालय ने 26 अक्टूबर 2026 को पति के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। पीड़िता का कहना है कि उसकी एक बेटी जिसकी उम्र करीब 18 वर्ष है, और एक बेटा जिसकी उम्र लगभग 13 वर्ष है। पति द्वारा भरण-पोषण की राशि नहीं दिए जाने के कारण दोनों बच्चों के पालन-पोषण और घर का खर्च चलाने में उसे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मीनाक्षी ने आरोप लगाया है कि न्यायालय में भरण-पोषण का प्रकरण प्रस्तुत करने के बाद से पति उस पर मुकदमा वापस लेने और राजीनामा करने का दबाव बना रहा है। आरोप है कि पति द्वारा उसे और उसके मायके पक्ष के परिजनों को जान से मारने तथा झूठे मामले में फंसाने की धमकियां दी जा रही हैं। इससे उसे और उसके परिवार को अपनी जान-माल की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। पीड़िता ने यह भी बताया कि उसकी बेटी विवाह योग्य हो रही है और परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। ऐसे में पति द्वारा भरण-पोषण की राशि नहीं दिए जाने से उसकी परेशानियां और बढ़ गई हैं।

एसपी से कार्रवाई और सुरक्षा की मांग

मीनाक्षी सेन ने पुलिस अधीक्षक से पति मनोज सेन के खिलाफ धमकी देने के आरोपों की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने, न्यायालय के आदेश के अनुरूप भरण-पोषण की राशि जमा कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने तथा स्वयं और अपने मायके पक्ष के परिवार की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

करौंदी मारपीट मामले को लेकर थाने पर हुआ हंगामा

फिजिकल थाने के बाहर पुलिस से भिड़ी भीड़, प्रधान आरक्षक से मारपीट; सरकारी वाहन के शीशे तोड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शहर के फिजिकल थाना परिसर के बाहर सोमवार को उस समय हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई, जब करौंदी में बाथम परिवार के साथ हुई मारपीट के मामले को लेकर बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंच गए। इस दौरान भीड़ में शामिल कुछ लोगों पर पुलिसकर्मियों के साथ झूमाझटकी और प्रधान आरक्षक चालक के साथ मारपीट करने का आरोप है। इतना ही नहीं, पत्थर मारकर पुलिस के सरकारी वाहन के पीछे के दोनों तरफ के कांच भी तोड़ दिए गए। पुलिस ने मामले में 12 से 15 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस के अनुसार, घटना सोमवार दोपहर करीब 1:40 बजे की है। देहात थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक चालक ऋषभ करारे, थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सिंह यादव सहित अन्य पुलिसकर्मियों के साथ कानून-व्यवस्था की ड्यूटी के लिए फिजिकल थाने पहुंचे थे। इसी दौरान थाने के सामने एकत्रित भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने ऋषभ करारे के साथ झूमाझटकी शुरू कर दी।

पत्थर मारकर तोड़े सरकारी वाहन के शीशे

आरोप है कि सूरज प्रजापति और राजवती बाथम ने पत्थर मारकर सरकारी वाहन के पीछे के दोनों तरफ के कांच तोड़ दिए। इस दौरान कांच के टुकड़े लगने से प्रधान आरक्षक ऋषभ करारे की दाईं आंख और दाईं कलाई में चोट आई। पुलिस ने सूरज प्रजापति निवासी बाबू क्वार्टर रोड तथा मोहन बाथम, राजवती बाथम और लाला बाथम निवासी करौंदी को पहचानने की बात कही है।

बीच-बचाव कर पुलिसकर्मियों ने बचाया

पुलिस का आरोप है कि भीड़ में शामिल लोगों ने गाली-गलौज करते हुए ऋषभ करारे के साथ लात-घूंसों से मारपीट की और पुलिसकर्मियों के शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई। स्थिति बिगड़ती देख आरक्षक दीपक राणा, प्रधान आरक्षक दीपचंद, आरक्षक पुष्पेंद्र रावत और आरक्षक हरिओम यादव ने बीच-बचाव कर घायल प्रधान आरक्षक को भीड़ से छुड़ाया। इसके बाद हंगामा कर रहे लोग मौके से चले गए। घटना के बाद पुलिस ने प्रधान आरक्षक के साथ मारपीट, शासकीय वाहन में तोड़फोड़ और शासकीय कार्य में बाधा डालने के आरोप में 12 से 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इनका कहना है

शासकीय कार्य में बाधा एवं वाहन क्षतिग्रस्त करने के मामले में 12 से 15 लोगों के खिलाफ एफआईआर की गई है। जनसुनवाई से लौटे हैं सभी की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी।

अविनाश राठौर, थाना प्रभारी फिजिकल



जुआ खेलने की सूचना पर पहुंची पुलिस, भगदड़ में छत से गिरकर युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शहर के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत पीएचक्यू लाइन में जुआ खेलने की सूचना पर पहुंची पुलिस की कार्रवाई के दौरान हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस को देखकर मौके पर मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। इसी दौरान भागने के प्रयास में एक युवक छत से नीचे गिरकर घायल हो गया। हादसे में युवक के पैर में चोट आई है। घटना के बाद घायल युवक ने पुलिस पर गाली-गलौज करने का आरोप लगाया। युवक के घायल होने और पुलिस पर लगाए गए आरोपों के बाद मामला गरमा गया। आक्रोशित परिजन और स्थानीय लोग देहात थाने पहुंच गए, जहां उन्होंने थाने के बाहर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इसके चलते कुछ समय तक आवागमन प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस ने स्थिति संभाली और घायल युवक को बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया। घटना को लेकर दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति बनी हुई है।

परिजनों और स्थानीय लोगों ने देहात थाने के बाहर किया चक्काजाम

इनका कहना है

हमारे पुलिस वाले वहां से निकल रहे थे जिन्हें देखकर जुआ खेलने वाले शायद डर गए और जल्दबाजी में एक व्यक्ति छत से गिर गया।

विकास यादव, थाना प्रभारी देहात

दोनों पक्षों ने लगाए एक-दूसरे पर मारपीट के आरोप

लॉज में कमरा लेने को लेकर विवाद, संचालक और युवक के बीच हुई मारपीट, मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुद्वारा चौराहे के पास स्थित एक लॉज में कमरा लेने को लेकर लॉज संचालक और एक युवक के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। फिलहाल लॉज संचालक की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है, जबकि दूसरा पक्ष जिला अस्पताल में भर्ती है।

जानकारी के अनुसार, रातोर निवासी राजेश वर्मा सोमवार शाम करीब 6 बजे मंगलम लॉज पहुंचा था। लॉज संचालक अगम जैन के मुताबिक, राजेश ने अपनी बीमार मां के साथ ठहरने के लिए कमरा मांगा था। इसके बाद वह अपनी मां को अस्पताल से लेने चला गया। संचालक का आरोप है कि कुछ देर बाद राजेश अकेला वापस लौटा और शराब के नशे में था। उसके साथ उसकी मां भी नहीं थी। इस पर उन्होंने कमरा देने से इनकार करते हुए उसके 600 रुपये वापस कर दिए। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। अगम जैन का आरोप है कि राजेश ने उनके साथ थप्पड़ों से मारपीट की।

युवक का आरोप- कमरे में बंद कर की मारपीट

वहीं, दूसरे पक्ष के राजेश वर्मा ने आरोप लगाया कि उसकी मां की मृत्यु पहले हो चुकी है। उसने लॉज में 600 रुपये देकर अटैच लेट-बाथ की सुविधा वाला कमरा लिया था, लेकिन उसे उसकी मांग के अनुसार कमरा नहीं दिया गया। विरोध करने पर लॉज संचालक ने उसे कमरे में बंद कर मारपीट की। इसके बाद पार्किंग एरिया में भी उसके साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। फिलहाल राजेश जिला अस्पताल में भर्ती है।

लॉज को लेकर रहवासियों ने भी थाने में की शिकायत

इधर, मंगलम लॉज के आसपास रहने वाले परिवारों ने भी लॉज में आए दिन होने वाले विवाद और कथित गलत गतिविधियों को लेकर कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। रहवासियों का कहना है कि लॉज जैन मंदिर से सटी हुई है और यहां का रास्ता व पार्किंग क्षेत्र आम उपयोग में आते हैं। ऐसे में लॉज में होने वाली गतिविधियों और विवादों से आसपास रहने वाले परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

इनका कहना है

मंगलम लॉज में कमरा लेने को लेकर विवाद हुआ था। लॉज संचालक अगम जैन की शिकायत पर राजेश वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। राजेश जिला अस्पताल में भर्ती है। उसकी शिकायत मिलने पर उसके पक्ष को भी दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पुनीत बाजपेई, थाना प्रभारी कोतवाली

भाईदूज पर सर्किल जेल में होगी खुली मुलाकात

सुबह 8:30 से दोपहर 2:30 बजे तक चलेगी मुलाकात

शिवपुरी। दीपावली के पावन पर्व भाईदूज पर सर्किल जेल शिवपुरी में निरुद्ध बंदियों को अपनी बहनों और परिजनों से मिलने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर जेल प्रशासन द्वारा विशेष खुली मुलाकात की व्यवस्था की गई है। मुलाकात के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जेल प्रशासन के अनुसार, भाईदूज पर मुलाकात का समय सुबह 8:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। पुरुष बंदियों से मुलाकात के लिए परिवार की केवल महिला सदस्यों और छह वर्ष से कम आयु के बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रत्येक बंदी से मुलाकात के लिए अधिकतम 10 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। समय पूरा होने पर परिजनों को मुलाकात स्थल से बाहर जाना होगा। सभी महिलाओं को पहले निर्धारित स्थान पर एकत्रित किया जाएगा, इसके बाद क्रमवार मुलाकात कराई जाएगी। मुलाकात के लिए आने वाली महिलाओं को आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र अथवा पैन कार्ड में से कोई एक मूल पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। मोबाइल, पर्स, नकदी और अन्य कीमती सामान जेल के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इन वस्तुओं को जेल गेट के बाहर ही छोड़ना होगा। सामान की सुरक्षा की जिम्मेदारी जेल प्रशासन की नहीं होगी। भाईदूज पर बहनें अपने भाइयों के लिए अधिकतम 250 ग्राम सूखी मिठाई, जैसे गजक और सोनपापड़ी, लेकर जा सकेंगी। घर का बना भोजन ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। बंदियों को नकद राशि देना भी सख्त मना है। नियमों का उल्लंघन करने पर मुलाकात प्रतिबंधित करने के साथ संबंधित बंदी के विरुद्ध जेल अपराध दर्ज किया जा सकता है। मुलाकात के दौरान पूजा के लिए जेल प्रशासन की ओर से हल्दी, कुमकुम और चावल सहित पूजा की थाली उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशासन ने सभी आगंतुकों से तलाशी प्रक्रिया में सहयोग करने और अनुशासन बनाए रखने की अपील की है।

तीन विधानसभा क्षेत्रों में होंगे लोकार्पण व भूमिपूजन

सिंधिया के दौरे में 134 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री एवं स्थानीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया बुधवार देर रात चार दिवसीय प्रवास पर शिवपुरी पहुंचेंगे। अपने इस दौरे के दौरान वे जिले के शिवपुरी, कोलारस और पिछोर विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान लगभग 134 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को विकास कार्यों की सौगात देंगे। इन परियोजनाओं में एक दर्जन से अधिक सड़कों सहित आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। सिंधिया का यह प्रवास विकास परियोजनाओं के साथ खेल गतिविधियों, युवा संवाद और स्थानीय नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिहाज से भी महत्वपूर्ण रहेगा। चार दिनों तक जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से वे विकास कार्यों को जनता को समर्पित करेंगे और नई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

खेल प्रतियोगिताओं से होगी गुरुवार के दौरे की शुरुआत

गुरुवार को केंद्रीय मंत्री सिंधिया सुबह टूरिस्ट विलेज से रवाना होकर सुबह 10 बजे श्रीमंत माधवराव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पहुंचेंगे। यहां वे अंडर-18 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट तथा 70वीं नेशनल स्कूल गेम्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप (अंडर-17 बालक एवं बालिका वर्ग) का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन भी करेंगे।

कोलारस क्षेत्र को मिलेंगी करोड़ों की विकास सौगातें

खेल प्रतियोगिताओं के शुभारंभ के बाद सिंधिया कोलारस विधानसभा क्षेत्र के भड़ौता पहुंचेंगे। यहां लगभग 39 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इसके बाद सिंघराई माता मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 14 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। इसके पश्चात वे केलधार स्थित कपिल मुनि आश्रम पहुंचेंगे, जहां लगभग 54 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं में सड़क संपर्क और अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हैं।



नक्षत्र गार्डन में युवाओं से करेंगे संवाद

गुरुवार को विकास कार्यक्रमों के बाद केंद्रीय मंत्री सिंधिया शिवपुरी के नक्षत्र गार्डन में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां वे युवाओं से सीधा संवाद कर उनकी आकांक्षाओं, सुझावों और क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा करेंगे।

शुक्रवार को फल मंडी और रैन बसेरे का कार्यक्रम

शुक्रवार को सिंधिया के कार्यक्रमों की शुरुआत रॉबर्टसन रोड पर आयोजित कार्यक्रम से होगी। इसके बाद वे फल मंडी का भ्रमण कर स्थानीय व्यापारियों और संबंधित लोगों से मुलाकात करेंगे। इसी दिन मेडिकल कॉलेज के समीप प्रस्तावित रैन बसेरे का भूमिपूजन भी करेंगे। रैन बसेरे के निर्माण से मरीजों के परिजनों, जरूरतमंदों और बाहर से आने वाले लोगों को ठहरने की सुविधा मिल सकेगी। शुक्रवार को ही केंद्रीय मंत्री पिछोर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। यहां सड़क और अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा।

शनिवार को स्टेडियम और लोहादेवी मंदिर में होंगे कार्यक्रम

चार दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन शनिवार को केंद्रीय मंत्री सिंधिया कोलारस में प्रस्तावित स्टेडियम का भूमिपूजन करेंगे। स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी। इसके बाद वे लोहादेवी मंदिर पहुंचेंगे, जहां लगभग 12 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। शनिवार देर शाम केंद्रीय मंत्री सिंधिया शिवपुरी से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।